भोपाल सोमवार। 20 जुलाई 2026। वर्ष 70। अंक 177। पृष्ठ 12। मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से 11 की मौत


4 परिसीमन पर राकां (शरद) का कैसा रुख


9 वैश्विक व्यापार में भारत की बढ़ी ताकत


11 फीफा : इंग्लैंड ने हासिल किया तीसरा स्थान




# स्पेन फीफा विश्व कप चैम्पियन

## फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से किया पराजित

**न्यू जर्सी 19 जुलाई.** फीफा विश्व कप के फाइनल में स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हरा कर विश्व कप पर कब्जा जमा लिया है. मैच के पहले और दूसरे हॉफ में दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं. पूरे मैच में स्पेन की टीम अर्जेंटीना पर भारी पड़ी. अतिरिक्त समय के पहले हाफ में भी दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं. अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ की शुरुआत में ही स्पेन ने गोल कर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी. 106वें मिनट में फेरान टोरेस ने शानदार गोल करते हुए स्पेन को 1-0 से बढ़त दिलाई. इस गोल के साथ ही अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी के चेहरे पर मायूसी छा गई. स्पेन और अर्जेंटीना दोनों टीम इस पूरे विश्व कप टूर्नामेंट में अजेय रही हैं. आज फाइनल मैच शुरू होने से पहले ही लियोनेल मेसी ने इतिहास रच दिया है. अर्जेंटीना की प्लेइंग इलेवन सामने आने के साथ ही मेसी ऐसे पहले कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने तीन विश्व कप फाइनल मैचों में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व किया हो, उन्होंने 2014, 2022 और अब 2026 में ऐसा किया है. स्पेन ने पहले हाफ में गोल के 3 चांस बनाए थे. दूसरा हाफ शुरू होने के बाद स्पेन टीम ने अटैकिंग खेल दिखाया है. दूसरे हाफ के पहले 15 मिनट के भीतर स्पेन ने गोल करने के दो चांस और बनाए, दूसरा हाफ शुरू होते ही स्पेन ने एक और हमला किया. एलेक्स बायना ने जोरदार शॉट लगाया, लेकिन गोलकीपर एमिलियो मार्टिनेज ने ठीक गोलपोस्ट के सामने गेंद को रोक लिया. अर्जेंटीना के एंजो फर्नांडिज को येलो कार्ड मिला है. अर्जेंटीना टीम पर निराशा साफ झलक रही है, जो अब तक पूरे मैच में एक भी गोल का चांस नहीं बना पाई है. रेफरी ने अर्जेंटीना के एंजो फर्नांडिज को रेड कार्ड दे दिया है. कुबारसी को खतरनाक तरीके से टैकल करने के कारण रेफरी ने एंजो फर्नांडिज को रेड कार्ड दिखाया. जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा.

# एमपी में सब एक समान

## जगदीशपुर कैबिनेट में यूसीसी विधेयक 2026 को मंजूरी

- विवाहित के लिव-इन में रहने पर 5 वर्ष की सजा
- अवैध संबंध शादी रद्द करने का बन सकता है आधार
- हलाला अब पूरी तरह से अवैध होगा



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 जुलाई.** लगभग 308 साल पहले एक आक्रांता ने राजधानी से सटे जगदीशपुर का नाम बदलकर उसकी पहचान मिटाने की कोशिश करते हुए इसे इस्लामनगर कर दिया था, उसी जगदीशपुर ने तीन वर्ष पहले अपनी पहचान वापस पाते हुए फिर से इतिहास के पन्नों पर जगदीशपुर नाम दर्ज करा लिया.

अब एक बार फिर इसी जगदीशपुर में रविवार को नया इतिहास लिखा गया, जब डॉ. मोहन यादव की पूरी सरकार यहां चमन महल में कैबिनेट के लिए पहुंचीं. इस दौरान कैबिनेट ने संविधान की मूल भावना का सम्मान करते हुए मप्र समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 को मंजूरी दे दी. अब इसे 20 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में पेश किया जाएगा. अब प्रदेश में सभी धर्म, वर्ग और समुदाय के लोगों के लिए एक समान कानून लागू होंगे, किसी को कोई विशेषाधिकार नहीं होगा. इतना जरुर है कि प्रदेश के जनजाति समाज को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा. यानी प्रदेश के भील, गोंड, कोरकू, बैगा, सहरिया और भारिया पर यह लागू नहीं होगा. यूसीसी में कई कड़े प्रावधान किए गए हैं. सबसे बड़ी बात ये कि अब कोई भी विवाहित व्यक्ति लिव-इन में नहीं रह सकेगा. यदि ऐसा करते हुए पकड़ा गया तो फिर उसे पांच वर्ष की कड़ी सजा मिलेगी. इसी तरह कोई भी व्यक्ति पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी नहीं कर सकेगा. यह अवैध होगा. प्रदेश में अब शादी, विवाह हो या फिर तलाक सबके लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा. उत्तराधिकार के मामले में भी कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है. अब कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपनी अर्जित की गई संपत्ति और पैतृक संपत्ति को वसीयत के माध्यम से किसी भी दे सकेगा. उसके लिए अपने उत्तराधिकारियों को देने की बाध्यता नहीं रहेगी.

( शेष पेज 12 पर )

### अब बच्चे अवैध नहीं होंगे

- अवैध शब्द को पूरी तरह हटा दिया है. विवाहित या अविवाहित माता-पिता के बच्चों, जैविक, गोद लिए गए, सरोगेसी या असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी से पैदा हुए सभी बच्चों को समान कानूनी दर्जा प्राप्त होगा.
- लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए एक महीने के भीतर रजिस्ट्रार के पास लिव-इन रिलेशनशिप का बयान जमा करना कानूनी रूप से अनिवार्य होगा.
- पार्टनर्स की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए. वे प्रतिबंधित श्रेणी में न हों, पहले से विवाहित न हों और उनकी सहमति स्वतंत्र होनी चाहिए.
- यदि कोई पार्टनर 21 साल से कम उम्र का है, तो लिव-इन के शुरू होने और खत्म होने की जानकारी उनके माता-पिता-अभिभावकों को भेजी जाएगी.

### लॉर्ड्स में रोहित शर्मा का ऐतिहासिक शतक

# हिटमैन ने दादा का 22 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा



**नई दिल्ली, 19 जुलाई** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने क्रिकेट के ऐतिहासिक मैदान लॉर्ड्स में शानदार शतकीय पारी खेलकर नया इतिहास रच दिया। वह लॉर्ड्स के मैदान पर वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

रोहित ने केवल 84 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और इस उपलब्धि के साथ पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का 22 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। गांगुली ने वर्ष 2004 में इसी मैदान पर 90 रन बनाए थे, जो लंबे समय तक किसी भारतीय का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर था। इस शतक के साथ उन्होंने इंग्लैंड की धरती पर अपना आठवां वनडे शतक लगाया, जो किसी भी विदेशी देश में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक वनडे शतकों का नया रिकॉर्ड है।

### टीम इंडिया सीरीज हारी

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड ने भारतीय टीम को 27 रनों से हराया. भारतीय टीम को जीत के लिए 388 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन वो सात विकेट पर 360 रन ही बना सकी. इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की वनडे सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमा लिया.

## राष्ट्रपति मुर्मु तीन यूरोपीय देशों के दौरे पर रवाना



**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार सुबह नई दिल्ली से मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर रवाना हो गईं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा से इन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मोल्दोवा गणराज्य, उत्तर मैसेडोनिया गणराज्य और रोमानिया के राजकीय दौरे पर गई हैं.

# बर्मन के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर 19 जुलाई.** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा जबलपुर ने सेंट्रल जीएसटी डिवीजन-1 के तत्कालीन अधीक्षक मुकेश कुमार बर्मन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण दर्ज कर लिया है। रिश्वतखोरी प्रकरण की विस्तृत जांच में आरोपी धनकुबेर निकला। आरोपी अधिकारी ने बीते कुछ वर्षों में अपने और अपने परिजनों के नाम पर भारी बेनामी संपत्तियां खड़ी की हैं।

विदित हो कि सीबीआई जबलपुर ने 16 दिसंबर 2025 को सीजीएसटी कार्यालय के इंस्पेक्टर सचिन खरे और अधीक्षक मुकेश कुमार बर्मन सहित अन्य अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज किया गया था।

- आय से अधिक संपत्ति का मामला

# चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली/लखनऊ, 19 जुलाई.** अयोध्या स्थित राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई होने जा रही है. इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार अदालत में मामले की ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी.

रिपोर्ट में एफआईआर दर्ज होने के बाद अब तक की जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी, बरामदगी और एसआईटी की कार्रवाई का विस्तृत विवरण शामिल होने की संभावना है।

### राम मंदिर ट्रस्ट की 22 को अहम बैठक

राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जुलाई को सभी ट्रस्टियों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है. यह बैठक अयोध्या स्थित मणिराम दास छावनी में शाम 4 बजे आयोजित होगी. उसी दिन दोपहर 3 बजे एक विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी.

# भारी वाहन ने 6 को कुचला, 4 की मौत

**नवभारत न्यूज**

**जबलपुर/ नरसिंहपुर 19 जुलाई. रविवार शाम सुआतला थाना अंतर्गत इंद्रा नगर हाथीनाला के सामने एनएच 45 में जबलपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार बेकाबू भारी वाहन ने सड़क किनारे खड़े आधा दर्जन लोगों को बेरहमी से कुचल दिया. इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।**



एएसपी संदीप भूरिया ने बताया कि जबलपुर की दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित और अत्यधिक तेज रफ्तार भारी वाहन ने सड़क किनारे खड़े आधा दर्जन ग्रामीणों को बेरहमी से कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के पहियों के नीचे आए चार लोगों ने दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई थी। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है ।

### इनकी हुई मौत

हादसे में वीरेन्द्र पिता छोटेलाल लोधी 20 वर्ष, राजेन्द्र लोधी, राजपाल पिता नरबल सिंह लोधी, तीनों निवासी पावला, बेलखेड़ा, जयपाल पिता पंचम सिंह लोधी 30 वर्ष निवासी बरपटी थाना बेलखेड़ा की मौत हुई है जबकि आकाश पिता कल्याण सिंह लोधी 24 वर्ष, नीरज पिता मालक सिंह 25 वर्ष घायल है। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# आर्थिक विकास में शिल्प कौशल निभा सकता है अहम भूमिका

**नई दिल्ली, 19 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लिखित एक लेख साझा किया, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे पारंपरिक भारतीय शिल्प कौशल नवाचार और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है.**



पीएम मोदी ने कहा कि 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल स्थानीय शिल्पों को बाजार तक पहुंच हासिल करने, स्थायी आजीविका सृजित करने, विरासत को संरक्षित करने और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने में मदद कर रही है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' एक ?स पर पोस्ट किया, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे पारंपरिक भारतीय शिल्प कौशल नवाचार और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है. 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल स्थानीय शिल्पों को बाजार तक पहुंच हासिल करने, स्थायी आजीविका सृजित करने, विरासत को संरक्षित करने और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने में मदद कर रही है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि चेन्नई स्थित 'वस्त्रकला' इस बात का उदाहरण है कि फ्रांस जैसे देशों के साथ सहयोग भारतीय कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने में कैसे मदद कर सकता है. उन्होंने बताया कि हाल ही में पेरिस में आयोजित एक निवेशकों की बैठक के दौरान भारत में फ्रांस के राजदूत ने 'वस्त्रकला' का जिक्र किया था.

### गांवों तक पहुंचाए जा सकें उच्च मूल्य वाले रोजगार

वित्त मंत्री ने कहा कि कारीगरों की टीम के साथ दोपहर का भोजन करते समय उन्हें पता चला कि वस्त्रकला ने जानबूझकर अपनी पहली चेन्नई स्थित कार्यशाला को गुडापक्कम स्थानांतरित किया, ताकि पीढ़ियों से इन पारंपरिक कौशलों को संजोए हुए गांवों के लोगों तक उच्च मूल्य वाले रोजगार पहुंचाए जा सकें. यह मानो समय का पहिया उल्टा घूम गया हो. आमतौर पर युवा रोजगार के लिए गांवों से शहरों की ओर पलायन करते हैं, लेकिन यहां एक कंपनी ने शहर छोड़कर गांव में बसने का फैसला किया.

### मानसून सत्र आज से

### बैठक में 40 राजनीतिक दलों के 58 वरिष्ठ नेता शामिल हुए

# सर्वदलीय बैठक के जरिए समन्वय बैठाने का प्रयास

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली,19 जुलाई. मानसून सत्र से ठीक पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह के तीखे तेवर व राजनीतिक कड़वाहट दिखी, उससे साफ है कि विपक्षी समूह सरकार को घेरने में कोई कोर कसर छोड़ने को तैयार नहीं है.**

19 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में जहां एक तरफ केंद्र सरकार कुल सात महत्वपूर्ण विधेयकों पांच नए व दो लंबित को पारित कराने की तैयारी में है वहीं दूसरी तरफ विपक्षी समूह भी देश के पांच जीवंत मुद्दों पर बहस के सहारे सरकार को घेरने की तैयारी में है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 40 राजनीतिक दलों के 58 वरिष्ठ नेता शामिल हुए. बैठक की शुरुआत में ही विपक्षी दलों ने तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के गुट नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया को आमंत्रित करने पर कड़ा विरोध जताते हुए सांकेतिक बहिष्कार किया. हालांकि, विरोध दर्ज कराने के बाद विपक्ष के नेता पुन: चर्चा में शामिल हुए.विपक्षी इंडिया समूह ने इस सत्र में सरकार को चौतरफा घेरने के लिए बेहद आक्रामक और ठोस रणनीति तैयार की है. विपक्षी दल चाहते हैं कि सरकार नीट पेपर लीक घोटाला, अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी, सोनम वांगचुक का अनशन, राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में आपरेशन सिन्दूर पर चर्चा तथा आर्थिक चुनौतियों व महंगाई पर विशेष चर्चा कराएं.

( शेष पेज 12 पर )

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम विधेयक आज आएगा

सूत्रों कि माने तो गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस सत्र के शुरुआत में ही राज्यसभा में वंदे मातरम से संबंधित एक महत्वपूर्ण बिल पेश किए जाने की रणनीति बनाई गई है. हालांकि उक्त विधेयक इस सत्र का सबसे बड़ा आरंभिक विवाद बन सकता है. क्योंकि इसके तहत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन में व्यवधान डालने को कानूनी रूप से दंडनीय अपराध बनाने का प्रावधान है. विपक्ष इसे सरकार का राष्ट्रवाद बनाम अन्य का राजनीतिक नैरेटिव सेट करने का प्रयास मान रहा है, जिससे सदन में तीखी वैचारिक बहस होना तय है.

# भारत के 87 प्रतिशत वयस्कों में असामान्य कोलेस्ट्रॉल का खतरा

**नई दिल्ली, 19 जुलाई।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय अध्ययन में देश के वयस्कों में असामान्य लिपिड स्तर (डिसलिपिडमिया) की व्यापकता को लेकर चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। अध्ययन के अनुसार, देश के 87.3 प्रतिशत वयस्कों में किसी न किसी प्रकार की लिपिड असामान्यता पाई गई है। इसका अर्थ है कि औसतन हर 10 में से लगभग 9 भारतीय वयस्क खराब कोलेस्ट्रॉल या उससे जुड़ी समस्या के जोखिम में हैं।